LIBRARY

School of Planning And Architecture ,Bhopal

S.No.36 (November 2024)

दैनिक भास्कर (सिटी भास्कर) पेज नं. 02 08/11/2024

पौधे लगाएं और सौर ऊर्जा से बिजली बनाएं : आर्य

एसपीए में सस्टेनेबल लिविंग पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस

सिटी रिपोर्टर| सस्टेनेबल लिविंग और एन्वायर्नमेंट फ्रेंडली लाइफस्टाइल की बातें तो हम सभी करते हैं, लेकिन यदि आप सचमुच यह अपनाना चाहते हैं तो सबसे पहले जरूरी है कि अपने एटीट्यूड में बदलाव लाएं, प्रकृति से प्यार करना सीखें, पशु पक्षियों और प्रकृति के लिए संवेदनशील बनें। इसके लिए सबसे पहले आपको एएमसी का फॉर्मूला अपनाना होगा, यानी अवॉयड, मिनिमाइज और क्रिएट...। जो भी जिंदगी में गैरजरूरी है, उसे अवॉयड करें, जिन्हें अवॉयड नहीं किया जा सकता तो कम से कम उन चीजों का इस्तेमाल कम कर दें और अंत में क्रिएट करना सीखें। पौधे लगाएं, सौर ऊर्जा से बिजली बनाएं...। यह बात पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के नेशनल कन्विनर गोपाल आर्य ने कही। वे सस्टेनेबल लिविंग के लिए एटिट्यूड, एम्पेथी और लाइफस्टाइल पर अपनी बात रखने गुरुवार को एसपीए भोपाल पहुंचे। यहां नेशनल लेवल की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली लिविंग पर कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए।

तैयार करें री-जेनरेटिव डिजाइन

देश के तीन एसपीए और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था की ओर से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य शामिल हुए। दो दिनों की कॉन्फ्रेंस में तीन एसपीए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. एचडी चारण, प्रो. हबीब खान और आर्किटेक्ट अमोघ कुमार गुप्ता मौजूद रहे। पहले दिन वातावरण के अनुकूल डिजाइन और प्लानिंग, पारंपरिक ज्ञान पर आधारित प्रैक्टिसेस और पर्यावरण मनोविज्ञान पर चर्चा के सत्र आयोजित हुए। इसमें आदिवासी समुदायों का सतत विकास, जल स्थिरता, बायोगैस और री-जेनरेटिव डिजाइन्स पर चर्चा हुई।